उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 11 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934

( दिनांक : 01 जून, 2012 )

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. प्रश्न (देखिये नत्थी "क")

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री बिशन सिंह चुफाल, सदस्य विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के तड़ीखेत व चिटगाल गांव के मध्य लडकेश्वरी नदी में झूला पुल निर्माण के संबंध में" श्री गणेश राम पुत्र श्री काशी राम एवं अन्य निवासीगण, ग्राम चिटगाल गांव, पो0ओ0- सौगांव, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री बिशन सिंह चुफाल, सदस्य विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के स्वालेख से रस्सापाटा मोटर मार्ग के निर्माण/डामरीकरण के संबंध में" श्री हरीश चन्द्र पुत्र श्री उर्बा दत्त एवं अन्य निवासीगण, ग्राम खनपर, पो0ओ0- रस्सापाटा, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

10. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

11. मुख्यमंत्री, लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण (निरसन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

12. मुख्यमंत्री, लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण (निरसन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

13. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

14. वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

15. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

श्री बिशन सिंह चुफाल — "यह सदन संस्तुति करता है कि प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे जनपदों में स्थानीय लोगों के पलायन को रोकने तथा स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध किये जाने के लिए अलग से सीमान्त क्षेत्र विकास योजनाएं बनाई जायें।"

**(30 मिनट)**

श्री मदन कौशिक — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में स्थापित की जाय।" **(30 मिनट)**

श्री नवप्रभात — "यह सदन उत्तराखण्ड में गंगा तथा उसकी सहायक नदियों की पवित्रता एवं अविरलता बनाये रखने का संकल्प लेता है;

यह सदन उत्तराखण्ड में सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पावन नदियों के क्षेत्रीय परिस्थितिकीय संतुलन को बनाये रखते हुए राज्य के संसाधनों के विकास, स्थानीय निवासियों के रोजगार एवं सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करता है;

यह सदन अनुभव करता है कि राज्य में बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण राज्य की ऊर्जा आवश्यकता के साथ-साथ सुदूर क्षेत्रों में अवस्थापना विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक उत्थान, आर्थिक प्रगति एवं स्थानीय निवासियों को बेहतर जीवन-यापन का अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यक है।

इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण के लिए आवश्यक सभी निर्देशों एवं मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।" **(30 मिनट)**

16. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

17. ऋषिकेश में गंगा तट पर स्नानार्थी श्रद्धालुओं की गंगा में डूबने से लगातार हो रही मृत्यु की घटनाओं से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री महावीर सिंह रांगड़, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 30 मई, 2012 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

18. जनपद हरिद्वार शहर में बरसात के समय बी0एच0ई0एल0 के अन्दर से पानी आने के कारण हजारों परिवारों के प्रभावित होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 30 मई, 2012 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, शहरी विकास मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 01 जून, 2012**

**(डी0पी0गैरोला)**
**प्रमुख सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2012
का प्रथम शुक्रवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### शुक्रवार, 11 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934

### ( दिनांक : 01 जून, 2012 )

## नत्थी ''क''

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>07.05.2012 | *1. क्या श्रम एवं रोजगार मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून सेवायोजन कार्यालय में कुल कितने बेरोजगार युवाओं का पंजीकरण है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अब तक कितने बेरोजगार युवाओं को सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से नियुक्ति प्रदान की गयी ? क्या सरकार बेरोजगार युवाओं का वर्षवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार द्वारा सेवायोजन कार्यालयों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम एवं सेवायोजन |
| श्री चन्दन राम दास<br>07.05.2012<br>श्री मदन कौशिक<br>07.05.2012<br>श्री दान सिंह भण्डारी<br>21.05.2012 | *2. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने पंजीकृत बेरोजगार हैं, उनमें शिक्षित बेरोजगार तथा प्रशिक्षित बेरोजगारों की संख्या कितनी है ? क्या सरकार जिलेवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो शिक्षित बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा ? | सेवायोजन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश चौहान<br>07.05.2012 | *3. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2010–11 तथा वर्ष 2011–12 में जनपद हरिद्वार के सिडकुल क्षेत्र में स्थापित उद्योगों द्वारा कार्यरत श्रमिकों को अधिकतर ठेकेदारी प्रथा में सेवायोजित करने तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन करने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई तथा श्रम कानूनों के तहत किन किन उद्योगों में कितने अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी है ? क्या सरकार राज्य में श्रम कानूनों के उल्लंघन को रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यो ? | श्रम |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>11.05.2012 | *4. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत सतपुली बाजार क्षेत्र को नगर पंचायत बनाये जाने का कोई प्रकरण शासन के विचाराधीन है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र को नगर पंचायत बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास |
| श्री मदन कौशिक<br>11.05.2012 | *5. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य में बढ़ती बेरोजगारी से छुटकारा दिलाने हेतु सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |

# अतारंकित

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>07.05.2012 | 1. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत पहाड़ों की रानी मसूरी में भौगोलिक परिस्थितियों के कारण पार्किंग की बहुत समस्या है ? यदि हां, तो क्या सरकार मसूरी स्थित गांधी चौक/पिक्चर पैलेस बस अड्डा या लण्ढौर में मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री गणेश जोशी<br>07.05.2012 | 2. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत ऐतिहासिक पर्यटन स्थल होने के बावजूद मसूरी में टाउनहॉल की समुचित व्यवस्था नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार टाउनहॉल बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री चन्दन राम दास<br>07.05.2012 | 3. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर मुख्यालय की सीवर लाइन की योजना जे0एन0यू0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है ? यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं तो क्यों ? | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश चौहान<br>07.05.2012 | 4. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रानीपुर जनपद हरिद्वार के शिवालिक नगर (रानीपुर) क्षेत्र की जनता की मांग पर शिवालिक नगर को नगर पंचायत बनाने की योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक नगर पंचायत शिवालिक नगर की स्थापना कर ली जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शहरी विकास** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.05.2012 | 5. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड नैनीडांडा में खाल्यूडांडा–भौन अपोला सेरा मोटर मार्ग जिसे ए0डी0बी0 के द्वारा बनाया जा रहा है की गुणवत्ता खराब है तथा उक्त मोटर मार्ग की लागत क्या है ? क्या सरकार द्वारा उक्त मार्ग की अनियमितता की जांच की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **द्वितीय सोमवार के अता0 54 में स्थाना0** |
| श्री अजय भट्ट<br>07.05.2012 | 6. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में छावनी परिषद के सिविल एरिया को नगर पालिका बनाने हेतु पूर्व सरकार द्वारा कोई प्रस्ताव भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय को भेजा गया है ? यदि हां, तो उस पर कार्यवाही का प्रगति विवरण क्या है ? | **शहरी विकास** |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>09.05.2012 | 7. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल स्थित "भीमताल तालाब" के चारों ओर पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्ट्रीट लाइट लगवाये जाने हेतु क्या सरकार यथाशीघ्र कदम उठाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शहरी विकास** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>09.05.2012 | 8. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में नगरपालिका के विस्तारीकरण (सीमा बढ़ाने) हेतु कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो योजना को कब तक क्रियान्वयन किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शहरी विकास** |
| श्री गणेश जोशी<br>10.05.2012 | 9. क्या नगर विकास मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत नीलकण्ठ विहार, पथरियापीर, मानसिंहवाला आदि क्षेत्रों में सीवर लाइन नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त क्षेत्रों में जे एन एन यू आर एम फेज–2 के अन्तर्गत सीवर लाइन बिछाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शहरी विकास** |